# Allahabad High Court

## Previous Year Paper

### Group D

### 20 December 2016

GET IT ON Google Play

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016

**हल प्रश्न-पत्र**

**(परीक्षा तिथि : 20-12-2016)**


## भाग-1 : गणित

**1. बताएं कि अंग्रेजी के कौन से शब्द समूह 180 डिग्री पर यानी उल्टा घुमाने पर भी समान दिखाई देता हैं?**

(a) NOON, SIS
(b) ZOOM, SIS
(c) TIT, MOM
(d) MOW, ZOOM

**Ans : (c)** TIT, तथा MOM को 180° पर या उल्टा घुमाने अथवा (दर्पण प्रतिबिम्ब) पर भी समान दिखाई देगा।

**2. इस चित्र के सभी कोणों का कुल योग क्या है?**



(a) 180°  (b) 90°
(c) 270°  (d) 360°

**Ans : (a)** किसी भी त्रिभुज के तीनों आंतरिक कोणों का योग 180° होता है। अतः चित्र में दिखाये गये त्रिभुज के सभी कोणों का योग 180° है।


**3. नीचे संख्या पंक्ति पर -3 कहाँ आएगा?**




(a) बिंदु A  (b) बिंदु B
(c) बिंदु C  (d) बिंदु D


**Ans : (b)** शृंखला से स्पष्ट है कि
A = –4
B = –3
C = –2
D = 4
अतः B का मान –3 होगा

**4. प्रदत्त ग्रिड में यदि प्रति वर्ग 1 वर्ग सेमी के सामान है, तो आकृति 'F' का अनुमानित क्षेत्रफल क्या हो सकता है?**




(a) 12 वर्ग सेमी  (b) 6 वर्ग सेमी
(c) 10 वर्ग सेमी  (d) 8 वर्ग सेमी

**Ans : (d)**




चित्र से स्पष्ट है कि ABCD
चार पूर्ण वर्गों का निर्माण करते हैं।
अतः ABCD का क्षेत्रफल = 4 वर्ग सेमी.
और
APB, BSC, CRD, DQA मिलकर चार वर्गों का निर्माण करते हैं
अतः इनका क्षेत्रफल = 4 वर्ग से.मी.
कुल क्षेत्रफल = 4 + 4 = 8 वर्ग सेमी.

**5. एक अपार्टमेंट के पानी टंकी की क्षमता 300 लीटर है। इस तरह की 25 टंकियों को भरने के लिए कितने लीटर पानी की आवश्यकता है?**

(a) 12 लीटर  (b) 325 लीटर
(c) 7500 लीटर  (d) 2500 लीटर

**Ans : (c)** एक पानी की टंकी की क्षमता = 300 ली.
∴ 25 टंकियों की क्षमता = 25 × 300 = 7500 ली.
अतः 25 टंकियों को भरने के लिए 7500 ली. पानी की आवश्यकता होगी।

**6. तनु का आई-पैड 99 सेंटीमीटर लंबा है। सेंटीमीटर को मीटर में बदलने में उसकी सहायता करें।**

(a) 0.50 मीटर  (b) 0.99 मीटर
(c) 1.99 मीटर  (d) 99 मीटर


**Ans : (b)** 1 मीटर = 100 सेमी.

$$1 \text{ सेमी.} = \frac{1}{100} \text{ मीटर}$$

$$99 \text{ सेमी.} = \frac{1}{100} \times 99$$

$$= .99 \text{ मीटर}$$

7. प्रत्येक माह में पाँचवी कक्षा के कुल कितने छात्रों का जन्म दिन पड़ता है, उसकी संख्या नीचे ग्राफ में दी गई है



जानकारी के आधार पर, छात्रों के जन्मदिन के बारे में कौन सा कथन सत्य है?

(a) मार्च की तुलना में अगस्त में कम छात्रों का जन्म दिन है।
(b) मई में 5 छात्रों का जन्मदिन है।
(c) सबसे कम जन्मदिन जुलाई में है।
(d) अक्टूबर की तुलना में जनवरी में अधिक छात्रों का जन्मदिन है।

**Ans : (d)** मार्च में 5 छात्रों का जन्म दिन पड़ता है जबकि अगस्त महीने में कुल 6 छात्रों का जन्म दिन पड़ता है अतः पहला विकल्प गलत है। मई महीने में 2 छात्रों का जन्म दिन पड़ता है अतः विकल्प (b) गलत है। अप्रैल, सितम्बर तथा दिसम्बर महीने में सबसे कम अर्थात् एक-एक छात्रों का जन्म दिन पड़ता है। अतः विकल्प (c) भी गलत है। अक्टूबर में दो छात्रों का जन्म दिन पड़ता है जबकि जनवरी में तीन छात्रों का जन्म दिन पड़ता है। अतः विकल्प (d) सही है।

8. इनमें से संख्याओं का कौन सा अनुक्रम नियम 3 से गुणा करें और 5 घटाएँ पर फिट बैठता है?

(a) 1, 3, 9, 27
(b) 1, 4, 7, 10
(c) 3, 4, 7, 16
(d) 3, 6, 9, 12

**Ans : (c)** विकल्प (b) में 3 से गुणा करने पर व 5 घटाने पर अनुक्रम 3, 4, 7, 16 प्राप्त हो रहा है।

$3 \times 3 - 5 = 4$

$4 \times 3 - 5 = 7$

$7 \times 3 - 5 = 16$

$16 \times 3 - 5 = 43$

9. वीरा नए वाहनों में पहिये लगाता है। पाँच वाहनों के लिए उसे कितने पहियों की आवश्यकता होगी? अपनी मदद के लिए नीचे तालिका का उपयोग करें

| वाहनों की संख्या | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहियों की संख्या | 3 | 6 | 9 | 12 | ? |


(a) 15 (b) 16
(c) 18 (d) 21

**Ans : (a)** वीरा को पाँच वाहनों के लिए पहियों की आवश्यकता =

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वाहनों की संख्या – | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ×3 | ×3 | ×3 | ×3 | ×3 |
| पहियों की संख्या– | 3 | 6 | 9 | 12 | 15 |

अतः 15 पहियों की आवश्यकता होगी।

10. नीचे पाई चार्ट पर कौन सा आइटम लगभग 25% निरूपित करता है?




(a) सार्वजनिक आवास
(b) गलियों की मरम्मत
(c) प्रशासन (एडमिनिस्ट्रेशन)
(d) पार्क

**Ans : (a)** दिये गये पाई चार्ट में 'सार्वजनिक आवास' लगभग 25% निरूपित करता है। क्योंकि यह पाई चार्ट के लगभग $\frac{1}{4}$ भाग पर है।

11. संख्या 1035608 को उसके निकटतम हजार के गुणांक में बदलने पर इनमें से कौन सी संख्या आएगी?

(a) 1030000 (b) 1000000
(c) 1036000 (d) 1040000

**Ans : (c)** 1035608 को हजार के गुणांक में बदलने पर निकटतम हजार का गुणांक 1036000 होगा।

12. उच्च माध्यमिका की एक परीक्षा 1008314 अभ्यर्थी शामिल हुए, उनमें से 789425 अभ्यर्थी उत्तीर्ण (पास) हुए। तो बताएं कि कितने अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण (फेल) हुए?

(a) 208889 (b) 228899
(c) 219889 (d) 218889

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans : (d)** परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी = 1008314
उत्तीर्ण अभ्यार्थी = 789425
अनुत्तीर्ण अभ्यार्थी = शामिल अभ्यर्थी – उत्तीर्ण अभ्यर्थी
= 1008314 – 789425
= 218889

**13. कमल के पास 6452 कार्ड है। ममता के पास 6364 कार्ड है। यदि ममता अपने सारे कार्ड कमल को दे देती है तो अब कमल के पास कुल कितने कार्ड होंगे?**

(a) 11816 (b) 12816
(c) 13816 (d) 12716

**Ans : (b)** कमल के पास कार्ड = 6452
ममता के पास कार्ड = 6364
क्योंकि ममता अपने कुल कार्ड कमल को दे दती है।
अतः कमल के पास कुल कार्ड = 6452 + 6364 = 12816

**14. एक मोटर बोट एक यात्रा में 6000 किग्रा मछली पकड़ने में सक्षम है। यदि मोटर बोट ने 6 बार यात्रा की तो वह कितनी मछली पकड़ेगी?**

(a) 36000 किग्रा
(b) 13600 किग्रा
(c) 3000 किग्रा
(d) 3500 किग्रा

**Ans : (a)** मोटरबोट एक बार यात्रा में मछली पकड़ता है
= 6000 kg
अतः मोटरबोट 6 बार की यात्रा में मछली पकड़ेगा
= 6× 6000 kg
= 36000 kg

**15. एक ताजी मछली को सूखा देने पर उसका वजन अपने मूल वजन का 1/3 हो जाता है। तो बताएं कि एक माह में माधव के पास कितने किग्रा सूखी मछली होगी यदि 6000 किग्रा ताजी मछली को सूखा देता है?**

(a) 2200 किग्रा (b) 2500 किग्रा
(c) 1500 किग्रा (d) 2000 किग्रा

**Ans : (d)**
ताजी मछली को सूखाने पर वह अपने मूल वजन का $\frac{1}{3}$ भाग हो जाता है।
∴ अतः 6000 kg ताजी मछली सूखाने पर माधव के पास बची सूखी मछली $= 6000 \times \frac{1}{3} = 2000$ kg

**16. नीचे दिए गए कथनों को पढ़ें :**
**कथन 1 : दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 20 है।**
**कथन 2 : दूसरी संख्या का महत्तम समापवर्तक 50 है।**
**कथन 1 : और 2 का गुणनफल क्या है?**

(a) 20 +50
(b) 20 और 50 × 50 का महत्तम समापवर्तक
(c) 20 × 50
(d) 20 और 50 × 20 का लघुत्तम समापवर्त्य


**Ans : (c)**
पहली संख्या × दूसरी संख्या = दोनों संख्याओं का ल.स. × म.स.
अतः कथन 1 और कथन 2 का गुणनफल = 20 × 50 होगा।

**17. निम्नलिखित तथ्य को पढ़े:**
**कोई भी संख्या जिसे 1 या स्वयं से समान रूप से विभाजित किया जा सकता है, उसे अभाज्य संख्या कहते हैं।**
**उदाहरण के लिए :संख्या 5 को देखें। इसे 1 और 5 से विभाजित करने पर शेषफल 0 आता है।**
**अब इस तथ्य के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों में से 2 अंकों की सबसे बड़ी अभाज्य संख्या को पहचानें।**

(a) 98 (b) 99
(c) 97 (d) 95

**Ans : (c)** उपरोक्त विकल्पों में से सबसे बड़ी दो अंकों की अभाज्य संख्या 97 होगी क्योंकि 97 केवल 1 व स्वयं से ही विभाजित होगी।

**18. निम्नलिखित में से किस आकृति का 5/8 हिस्सा छायांकित है?**

(a)  (b) 
(c)  (d) 

**Ans : (d)** विकल्प (d) में वर्गों की कुल संख्या = 16
छायांकित वर्गों की संख्या = 10
अतः वर्ग छायांकित भाग $= \frac{10}{16} = \frac{5}{8}$

**19. निम्नलिखित तथ्य को पढ़ें:**
**एक दशमलव संख्या दशमलव पद्धति में लिखी किसी भी संख्या को संदर्भित करती है। हमारी दशमलव प्रणाली हमें एक चतुर प्रतीक, जिसे दशमलव बिंदु कहा जाता है, का प्रयोग कर सभी प्रकारों और आकारों की संख्या लिखने की सुविधा देती है। जब आप दशमलव बिंदु से दाईं ओर बढ़ते हैं, तो प्रत्येक स्थान मान को 10 से विभाजित किया जाता है।**
**नीचे विकल्पों से सबसे बड़ी दशमलव संख्या का पता लगाएँ।**

(a) 18.001 (b) 18.8
(c) 18.08 (d) 18.009

Adda247

GET IT ON Google Play

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से सबसे बड़ी दशमलव संख्या 18.8 है।

**20. कथन : समीकरण 1 और 2 के समान मान हैं।**

**समीकरण 1 = 13 : 39**

**समीकरण 2 = 26 : X**

**समीकरण 1 और 2 के समान मान है। तो 'X'का पता लगाएँ**

(a) 34 (b) 52

(c) 78 (d) 79

**Ans : (c)** जिस प्रकार = 13 × 3 = 39

उसी प्रकार 26 × 3 = 78

**21. हैंड्स-अप कंपनी ठंडे पेय और अन्य पेय पदार्थ बनाती है। वह 1500 किग्रा चीनी मिलाकर प्रत्येक महीने एक विशेष ब्रांड का 6000 लीटर ठंडा पेय बनाती है। यदि चीनी की लागत रु. 2/- प्रति किग्रा है। तो वह पाँच महीनों में चीनी पर कितनी राशि खर्च करती है?**

(a) रु. 7500 (b) रु. 1500

(c) रु. 15,500 (d) रु. 15,000

**Ans : (d)** एक महीने में चीनी पर खर्च = 1500 ×2 = 3000

पाँच महीने में चीनी पर खर्च राशि = 3000 ×5 = 15,000

**22. तृषा रविवार को पाँच मील चली। उसकी माँ ने तृषा से मील को किलोमीटर में बदलने का कहा। तृषा ने अपनी माँ को बताया कि पाँच मील का अर्थ ............है।**

(a) 25 किमी

(b) 8.04672 किमी

(c) 5.98 किमी

(d) 2 किमी

**Ans : (b)**

1 मील = 1.60934 किलोमीटर

अतः 5 मील = 5 × 1.60934 = 8.04670 किमी.

**23. लॉग बोट 4 किमी प्रति घंटे की गति से यात्रा कर सकता है। 123 किमी की यात्रा करने में लॉग बोट को लगने वाले समय की गणना करें**

(a) 30 घंटा 15 मिनट (b) 30 घंटा 45 मिनट


(c) 31घंटा 15 मिनट (d) 30 घंटा 30 मिनट

**Ans : (b)** क्योंकि 4 km की यात्रा करता है = 1 घण्टा में

अतः 123 km की यात्रा करेगा = $\frac{123}{4}$

= 30 घण्टा 45 मिनट में।

**24. इनमें से किस चित्र को उल्टा (180 डिग्री) घुमाने पर भी समान दिखाई देगा?**





(a) D एवं C (b) A एवं C

(c) B एवं C (d) A एवं D

**Ans : (b)** चित्र A तथा C को $180^0$ या उल्टा घुमाने (दर्पण प्रतिबिम्ब) पर समान दिखाई देगा।

**25. इनमें से कौन सी बिंदीदार रेखा एक सममिति रेखा है?**




(a) चित्र 1 (b) चित्र 2

(c) चित्र 3 (d) चित्र 4

**Ans : (*)** सममिति रेखा एक ऐसी रेखा होती है जो किसी आकृति को दो बराबर भागों में बाँटती है। प्रस्तुत चित्र 3 तथा चित्र 4 दोनों में सममिति रेखा उपलब्ध है।

## भाग-2 : सामान्य अध्ययन

**26. भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन सा है?**

(a) पद्मश्री

(b) पद्म विभूषण

(c) पद्म भूषण

(d) भारत रत्न

**Ans : (d)** भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न है। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला,साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा तथा खेल शामिल है। इसकी स्थापना 2 जनवरी 1948 को तात्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा की गई।

**27. वह शब्द चुनें जो निम्नलिखित वाक्य ''वह व्यक्ति जिसके पास अपने पेशे में अल्प प्रशिक्षण है या कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है'' को सर्वोत्तम ढंग से वर्णित करता है।**

(a) अप्रवीण (अमेच्योर)

(b) विशेषज्ञ (एक्सपर्ट)

(c) नौसिखिया (बिगनर)

(d) लापरवाह (केयर फ्री)

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans : (a)** वह व्यक्ति जिसके पास अपने पेशे में अल्प प्रशिक्षण है या कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है को अप्रवीण (अमेच्योर) कहा जायेगा।

**28. स्थायी रूप से विदेश में रहने वाले व्यक्ति को _____ कहते हैं।**

(a) देशभक्त (b) अप्रवासी
(c) राष्ट्रवादी (d) गैर अप्रवासी

**Ans : (b)** वे लोग जो किसी कारणवश अपना देश छोड़ कर हमेशा के लिए अथवा लम्बे समय तक विदेशों में रहते हैं उन्हें अप्रवासी (Immigrant) कहा जाता है।

**29. नर्सरी में बेचे जाने वाले छोटे पौधों को _____ कहा जाता है।**

(a) झाड़ी (श्रब) (b) शाक (हर्ब)
(c) वृक्षलता (d) बिरवा (पौध)

**Ans : (d)** नर्सरी में बेचे जाने छोटे पौधों को बिरवा (Saplings) कहा जाता है जबकि आमतौर पर मध्यम आकार के छोटे वृक्षों के समूह को झाड़ी कहा जाता है। इनकी ऊँचाई 2 से 8 मी. तक हो सकती है।

**30. शांति के लिए नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला _____ थीं।**

(a) सरोजिनी नायडू
(b) इन्दिरा गांधी
(c) मदर टेरेसा
(d) विजयलक्ष्मी पंडित

**Ans : (c)** मदर टेरेसा एक रोमन कैथोलिक नन थी। इन्होंने सन् 1948 में स्वेच्छा से भारत की नागरिकता ले ली। सन् 1950 में वे मिशनरीज आफ चैरिटी की स्थापना कोलकाता में की। इसका उद्देश्य भूखों, निर्वस्त्र, बेघर, लंगड़े, अंधों, चर्मरोग से ग्रसित आदि ऐसे लोगों की सहायता करना था जिसका समाज में कोई स्थान नहीं है। भारत सरकार ने उन्हें पहले सन् 1962 में पद्मश्री तथा बाद में सन् 1980 में भारत रत्न से अलंकृत किया। मानव कल्याण के लिए किये गये कार्यों की वजह से उन्हें सन् 1979 में नोबल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। 9 सितम्बर 2016 को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस ने मदर टेरेसा को संत की उपाधि से विभूषित किया।

**31. 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' नामक पुस्तक की रचयिता _____ है।**

(a) अनीता देसाई
(b) सुधा मूर्ति
(c) अरुन्धती राय
(d) शोभा डे

**Ans : (c)** अरुन्धती राय एक सुप्रसिद्ध लेखिका व समाजसेवी है। इन्हें इसकी पुस्तक 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए सन् 1997 में बुकर पुरस्कार से नवाजा गया।

**32. कोलंबिया स्पेस शटल दुर्घटना में मारी गई भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री _____ थीं।**

(a) जेसिका मीर
(b) सुनीता विलियम्स
(c) कल्पना चावला
(d) मैरी ई. वेबर

**Ans : (c)** कल्पना चावला का जन्म 17 मार्च 1962 में हरियाणा के करनाल जिले में हुआ। कल्पना चावला एक भारतीय अमरीकी अन्तरिक्ष यात्री और अन्तरिक्ष शटल विशेषज्ञ थी। कल्पना चावला अन्तरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। वे कोलम्बिया अन्तरिक्षयान दुर्घटना में मारे गए सात यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

**33. हुगली नदी भारत के किस राज्य में बहती है?**

(a) आंध्र प्रदेश
(b) पश्चिम बंगाल
(c) ओडिशा
(d) बिहार

**Ans : (b)** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के गिरिया स्थान के पास गंगा नदी दो शाखाओं में विभाजित हो जाती है। भागीरथी नदी गिरिया से दक्षिण की ओर बहने लगती है। जबकि पद्मा दक्षिण पूर्व की तरफ बहती फरक्का बैराज से छनते हुई बंग्लादेश में प्रवेश में प्रवेश करती है। मुर्शिदाबाद शहर से हुगली शहर तक गंगा का नाम भागीरथी तथा हुगली शहर से मुहाने तक गंगा का नाम हुगली नदी है। हुगली नदी कोलकाता, हावड़ा तथा सुन्दरवन के भारतीय भाग से होते हुए बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

**34. भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य _____ है।**

(a) असम
(b) कर्नाटक
(c) केरल
(d) हिमाचल प्रदेश

**Ans : (a)** असम भारत का सबसे बड़ा चाय उत्पादक राज्य है। जबकि कर्नाटक काफी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है तथा केरल मसालों का सर्वाधिक उत्पादन करता है।

**35. भारतीय सेना के तीन अंग हैं- थल सेना, जल सेना और _____।**

(a) सीमा सुरक्षा बल
(b) रैपिड एक्शन फोर्स
(c) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
(d) वायु सेना

**Ans : (d)** भारतीय सेना के तीन अंग है जिसमें जल सेना, थल सेना तथा वायुसेना शामिल है। इन तीनों सेनाओं का प्रमुख राष्ट्रपति होता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

36. 'महाभियोग' की प्रक्रिया के द्वारा _____ को उनके पद से हटाया जा सकता है।
(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति
(c) उप राष्ट्रपति (d) मुख्यमंत्री

**Ans : (b)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 61 के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा संविधान का अतिक्रमण किये जाने पर राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जा सकता है। राष्ट्रपति पर महाभियोग संसद द्वारा चलायी गयी एक न्यायिक प्रक्रिया है। महाभियोग प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है। परन्तु इस प्रस्ताव की सूचना 14 दिन पूर्व राष्ट्रपति को प्राप्त होनी चाहिए। इसके अलावा प्रस्ताव की सूचना पर उस सदन के कम से कम एक चौथाई सदस्यों का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। यह प्रस्ताव उस सदन में जिसमें वह रखा गया है यदि दो तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है तो आगे की जाँच के लिए दूसरे सदन में जायेगा। राष्ट्रपति को दूसरे सदन में अपने अथवा किसी प्रतिनिधि के माध्यम से स्पष्टीकरण अथवा अपना पक्ष रखने का अधिकार है। जाँच के पश्चात् यदि दूसरा सदन भी अपने दो तिहाई सदस्यों के बहुमत से पारित कर देता है तो उस दिन से राष्ट्रपति का पद रिक्त समझा जायेगा।

37. संस्कृत भाषा में लिखी प्रसिद्ध रचना "गीत गोविन्द" के रचनाकार _____ हैं।
(a) विक्रमादित्य (b) जयदेव
(c) कबीर दास (d) वाल्मीकि

**Ans : (b)** जयदेव संस्कृत के महाकवि हैं। इन्होंने गीत गोविन्द तथा रतिमंजरी की रचना की जयदेव उड़ीस यानि उत्कल राज्य के गजपति राजाओं के समकालीन थे। उनकी कृत गीत गोविन्द को राधा कृष्ण लीला की अनुपम साहित्य अभिव्यक्ति माना गया। गीत गोविन्द में संस्कृत भाषा के मधुर गीतों का संकलन है।

38. दिए गए सादृश्य के आधार पर सही मिलान करें: धब्बे–चीता/तेंदुआ से संबन्धित हैं तो धारियाँ किससे संबन्धित है?
(a) जिराफ (b) साँप
(c) हिरण (d) जेब्रा

**Ans : (d)** जिस प्रकार से चीता या तेंदुआ के शरीर पर धब्बे पाये जाते हैं। उसी प्रकार जेब्रा के शरीर पर धारियां पाई जाती है।

39. कर्नाटक का कोलार जिला _____ खदानों के लिए प्रसिद्ध है।
(a) चांदी (b) अभ्रक
(c) सोना (d) कोयला

**Ans : (c)** कर्नाटक का कोलार जिला सोने की खदानों के लिए प्रसिद्ध है। ज्ञातव्य है कि अभ्रक उत्पादन में भारत का पहला स्थान है तथा कोयला उत्पादन में भारत तीसरे स्थान पर है।

40. 2014 के राष्ट्रमंडल खेल किस शहर में हुए थे?
(a) नई दिल्ली (b) ग्लासगो
(c) न्यूयॉर्क (d) लंदन

**Ans : (b)** राष्ट्रमण्डल खेल 2014 ग्लासको (स्काटलैंड) में आयोजित हुआ। यह खेल 23 जुलाई से लेकर 3 अगस्त 2014 के मध्य आयोजित किया गया। इसमें 4547 खिलाड़ियों ने 17 विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया इसमें कुल 71 देशों ने प्रतिभाग किया। इंग्लैंड 58 स्वर्ण 59 रजत तथा 57 कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर रहा। भारत 15 स्वर्ण 30 रजत व 19 कांस्य पदकों साथ पांचवें स्थान पर रहा।

41. किस ग्रह को 'लाल ग्रह' का जाता है?
(a) पृथ्वी (b) बुध
(c) मंगल (d) बृहस्पति

**Ans : (c)** मंगल को लाल ग्रह की संज्ञा दी जाती है। क्योंकि इसका रंग आयरन ऑक्साइड के कारण लाल है। ज्ञातव्य है कि सौर मण्डल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलियस मेसी एवं सौर मण्डल का सबसे ऊँचा पर्वत निक्स ओलम्पिया जो कि माउंट एवरेस्ट से तीन गुना अधिक ऊँचा है, इसी ग्रह पर स्थित है। मंगल के दो उपग्रह है जिसका नाम फोबोस तथा डिमोस है।

42. अभिनव बिंद्रा इनमें से किस खेल से संबद्ध रखते हैं?
(a) निशानेबाजी (b) तैराकी
(c) मुक्केबाजी (d) टेबल टेनिस

**Ans : (a)** अभिनव बिंद्रा 10 मीटर एयर रायफल स्पर्धा में भारत के एक प्रमुख निशानेबाज हैं। वे 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय खिलाड़ी है। इन्हें 2009 में भारत सरकार द्वारा पदम् भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

43. एक नदी प्रवाह के निचले भाग को _____ कहा जाता है।
(a) नदी तट (रिवर शोर)
(b) नदी का मुहाना (रिवर माउथ)
(c) नदी तल (रिवर बेड)
(d) नदी भूमि (रिवर लैंड)

**Ans : (c) नदी तल** - नदी प्रवाह के निचले भाग को नदी तल कहा जाता है।
**नदी तट** - नदियों के किनारे स्थित भू-भाग को नदी तट कहा जाता है।
**नदी भूमि-** नदियाँ अपने अधिकतम् बहाव के दौरान जो क्षेत्र धारण करती नदी उसे भूमि कहा जाता है।
**नदी का मुहाना** - जहाँ से नदियाँ निकलती है उसे नदी मुहाना कहा जाता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

44. मानव नाखूनों में मौजूद प्रोटीन ____ है।
(a) मेलेनिन (b) केराटिन
(c) जिलेटिन (d) सुबेरिन

**Ans : (b)** प्रोटीन शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जे बर्जेलियम ने किया था। यह एक जटिल कार्बनिक यौगिक है। जो 20 अमीनों अम्लों से मिलकर बने होते हैं। मानव शरीर का लगभग 15% भाग प्रोटीन से निर्मित होता है। नाखून में केराटिन नामक प्रोटीन पाई जाती है।

45. हवा में जलीय अणुओं के साथ मिलकर सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड____का निर्माण करते हैं।
(a) अम्ल वर्षा (b) प्रदूषित वर्षा
(c) औद्योगिक वर्षा (d) कृत्रिम वर्षा

**Ans : (a)** अम्ल वर्षा समस्त जीवधारियों के लिए अत्यन्त ही हानिकारक है। अम्ल वर्षा के उत्तरदायी कारकों में $NO_2$ (नाइट्रोजन ऑक्साइड) तथा $SO_2$ (सल्फर डाइऑक्साइड) मुख्य है। $NO_2$ वायुमण्डल की नमी से क्रिया करके नाइट्रिक ($HNO_3$) का निर्माण करते हैं। जो वर्षा के पानी के साथ धरातल पर अम्ल वर्षा के रूप में धरती पर आता है। इसके अलावा वायुमण्डल से उत्सर्जित $SO_2$ गैस वातावरण की नमी को अवशोषित करके $H_2SO_4$ (सल्फ्युरिक अम्ल) बनाती है। यह $H_2SO_4$ वर्षा के साथ धरातल पर गिरता है। इसे ही अम्ल वर्षा कहते हैं।

46. महासागरों में टैंकर, नौकाओं (बजरा), पाइपलाइनों, रिफाइनरी, ड्रिलिंग रिग्स और भंडारण सुविधाओं से तेल के आकस्मिक रिसाव को ____कहा जाता है।
(a) तेल अपवाह (ऑयल ड्रेन)
(b) तेल अधिप्लावन
(c) तेल हानि (ऑयल स्पिल)
(d) तेल संदूषण (ऑयल कंटेमिनेशन)

**Ans : (b)** महासागरों में टैंकर नौकाओं, पाइपलाइनों, रिफाइनरी, ड्रिलिंग रिग्स और भण्डार सुविधाओं तथा सागर के तटवर्ती जलीय भाग में खनिज तेल के रिसाव को तेल अधिप्लावन (oil spill) कहा जाता है। तेल अधिप्लावन से अधिकांश सागरीय जीव मर जाते हैं। जिस कारण पारिस्थितकीय विनाश की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

47. प्लास्टिक से धरती प्रदूषित होती है क्योंकि ये ____होते हैं।
(a) नवीकरणीय (रिन्यूएबल)
(b) गैर नवीकरणीय (नॉन रिन्यूएबल)
(c) बायो-डिग्रेडेबल
(d) नॉन बायो-डिग्रेडेबल

**Ans : (d)** प्लास्टिक या पॉली निर्मित वस्तुएँ प्रकृति में विलय नहीं हो पाती है। अर्थात् यह वस्तुएँ बायोडिग्रेडेबल पदार्थ नहीं है। कम से कम प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग एवं पुर्नचक्रण ही इसका उपाय है जिससे कि पर्यावरण व स्वच्छ एवं शुद्ध रखा जा सकता है।

48. दिए गए विकल्पों में से ऑस्ट्रेलिया की राजधानी को पहचानें।
(a) सिडनी (b) कैनबरा
(c) पर्थ (d) मेलबोर्न

**Ans : (b)** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है तथा ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नगर सिडनी है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य राज्यों में सिडनी, मेलबोर्न, बिस्बेन, पर्थ व एडिलेट है। मेलबर्न में विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट का मैदान है।

49. तेलंगाना राज्य में स्थित नागार्जुन सागर बांध को किस नदी पर बनाया गया है?
(a) गोदावरी (b) कावेरी
(c) पेन्ना (d) कृष्णा

**Ans : (d)** नागार्जुन सागर बाँध परियोजना भारत के आन्ध्र प्रदेश राज्य में स्थित एक प्रमुख नदी घाटी परियोजना है। यह कृष्णा नदी पर स्थित है। इस बाँध से निर्मित नागार्जुन सागर झील दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है।

50. लोगों का मानना है कि ''रात के समय पेड़ों के नीचे सोना सुरक्षित नहीं होता है।'' इस कथन के पीछे का वैज्ञानिक कारण यह है कि पेड़ रात में ____.
(a) कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं
(b) कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं
(c) ऑक्सीजन लेते हैं
(d) ऑक्सीजन छोड़ते हैं

**Ans : (b)** रात को पेड़ों के नीचे नहीं सोना चाहिये क्योंकि रात को पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। जोकि मनुष्य के लिए हानिकारक है। इसके अलावा कुछ पेड़ जो कि रात को कार्बन डाइऑक्साइड न छोड़कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं जैसे- नीम, पीपल आदि।

## भाग-3 : English

**Instruction : Question 51 to 75 are based on general English language. Apply your knowledge of English to pick the best choice from the given options.**
**Direction: Pick the correct option for question 51 to**

51. She ______play the piano. She is a very good piano player.
(a) could (b) will
(c) shall (d) can

**Ans : (d)** दिये गये रिक्त स्थान पर Modal Auxiliary verb 'Can' का प्रयोग शुद्ध है। Modal Auxiliary verb 'Can' का प्रयोग वर्तमान काल में योग्यता अथवा क्षमता के लिए किया जाता है। वह पियानो बजा सकती है। वह एक अच्छी पियानो वादक है। अतः शुद्ध वाक्य She can play the piano. She is a very good piano player.

Adda247
GET IT ON Google Play

**52. Julie ______like to visit Kyoto when she is in Japan.**
(a) should (b) could
(c) would (d) will

**Ans : (c)** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान पर Modal Auxiliary verb 'would' का प्रयोग शुद्ध है। Modal Auxiliary verb 'would' का प्रयोग भविष्य में साधारण इच्छा के लिए किया जाता है। जूली क्योटो का भ्रमण करना पसंद करेगी जब वह जापान में होगी। अतः शुद्ध वाक्य Julie would like to visit Kyoto when she is in Japan.

**53. You ______take boarding pass when you go on an airplane.**
(a) should (b) must
(c) shall (d) can

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर Auxiliary verb 'must' का प्रयोग होगा। अनिवार्यता प्रकट करने के लिए must का प्रयोग किया जाता है। जब आप हवाई जहाज से यात्रा पर जाते है तो आपको बोर्डिंग पास अवश्य ही अपने पास रखना चाहिए। अतः विकल्प (b) शुद्ध है।
boarding pass–जलयान या वायुयान में यात्रा से पहले यह कार्ड दिखाना पड़ता है।

**54. Choose the antonym for the word 'ABSURD'.**
(a) batty (b) sensible
(c) certain (d) insane

**Ans : (b)** दिये गये शब्द Absurd (निरर्थक, बेतुका) का विलोम विकल्प (b) शब्द Sensible (तर्कसंगत, विवेकपूर्ण) शुद्ध है। अन्य विकल्प के अर्थ क्रमशः – batty (पागल, सनकी) Certain (निश्चित), Insane (विक्षिप्त) शुद्ध विलोम नही है। अतः विकल्प (b) शुद्ध है।

**55. Which two words are antonyms?**
(a) talk, speak (b) pretend, imagine
(c) ocean, sea (d) gentle, fierce

**Ans : (d)** विकल्प (d) में दिये गये शब्द युग्म –gentle (विनम्र) fierce (उग्र, तीव्र) एक दूसरे के विलोम शब्द है। अन्य विकल्प क्रमशः [Talk (बातचीत), speak (बोलना)], [pretend (बहाना बनाना, मान लेना), Imagine (मान लेना, कल्पना करना)], [Ocean (सागर), sea (समुद्र)] एक दूसरे के समानार्थी है। अतः विकल्प (d) शुद्ध है।

**56. In the words unhappy and unusual, the un- means**
(a) most (b) very
(c) not (d) less

**Ans : (c)** 'Un' English language में Prefix उपसर्ग है। जो शब्द से पहले लगाया जाता है तथा नकारात्मक भाव व्यक्त करता है। अतः विकल्प (c) not (नही) शुद्ध है। अन्य शब्द क्रमशः most (बहुत अच्छा), very (बहुत), less (कम) शुद्ध नही है।

**57. Find the synonym for the word 'SCARED' from the options given below.**
(a) happy (b) sad
(c) angry (d) afraid

**Ans : (d)** दिये गये शब्द Scared (डर, डरावन) का समानार्थी शब्द विकल्प (d) Afraid (भयभीत) शुद्ध है। अन्य विकल्प क्रमशः happy (प्रसन्न), sad (दुःखी), angry (नाराज) शुद्ध समानार्थी शब्द नही है। अतः विकल्प (d) सही है।

**58. The word 'delicious' will be best substituted in which of the sentence given below.**
(a) My mom makes ______food.
(b) Sonu is my _______friend.
(c) My teacher sings _______songs.
(d) My dad buys me ______toys when we go out.

**Ans : (a)** Delicious शब्द का अर्थ स्वादिष्ट या लजीज व्यंजन (भोजन) के लिए प्रयोग किया जाता है। जो विकल्प (a) My mom makes delicious food (मेरी माँ स्वादिष्ट भोजन बनाती है) में प्रयोग करना शुद्ध है। अन्य विकल्प में इसका प्रयोग अशुद्ध है -
(b) सोनू मेरा स्वादिष्ट मित्र है (×)
(c) मेरा अध्यापक स्वादिष्ट गाना गाता है (×)
(d) मेरे पिता जी स्वादिष्ट खिलौने खरीदते है। (×)
अतः विकल्प (a) शुद्ध है।

**59. The students misbehaved in class. What does the word misbehaved mean?**
(a) behaved well
(b) behaved quietly
(c) behaved badly
(d) behaved in an appreciable way

**Ans : (c)** 'Mis' english language में Prefix (उपसर्ग) है। जो शब्द के प्रारम्भ में प्रयुक्त किया जाता है mis को noun या Verb से पहले ही प्रयोग किया जाता है तथा bad (बुरा) का भाव व्यक्त करता है। अतः विकल्प (c) behaved badly (बुरा बर्ताव या व्यवहार करना) शुद्ध है। अन्य विकल्प के अर्थ क्रमशः behaved well अच्छा व्यवहार करना, behaved quietly शान्तिपूर्वक व्यवहार करना अशुद्ध है। अतः विकल्प (c) शुद्ध है।

**Directions: Read the passage. Then answer the questions below. (Questions 60-64)**

As the moon travels around the earth, it appears to change shape. We associate certain names with certain shapes of the moon. For example, when we can see a small part of the moon, it is called a crescent moon. A crescent is a shape that looks like the tip of a fingernail. When we cannot see the moon at all, it is called a new moon. When we can see the entire moon, it is called a full moon. Usually, there is only one full moon every month. Sometimes, however, there will be two full moons in one month. When this happens, the second full

Adda247
GET IT ON Google Play

moon is called a "blue moon." Over the next 20 years, there will only be 15 blue moons. As you can see, a blue moon is a very rare event. This fact has led people to use the expression "once in a blue moon" to describe other very rare events in their lives.

**60. The moon travels around the earth and appears to change its _______.**

(a) Size (b) Shape
(c) Place (d) Colour

**Ans : (b)** चन्द्रमा पृथ्वी के चारो तरफ भ्रमण करता है और आकार बदलता हुआ प्रतीत होता है। अतः विकल्प (b) shape (आकार) शुद्ध है। passage की प्रथम पंक्ति से स्पष्ट है।

**61. When can we say that it is a blue moon?**

(a) when there are two full moons in one month
(b) when the moon has a blue color
(c) when we cannot see the moon at all
(d) when we can only see a small part of the moon

**Ans : (a)** दिया गया प्रश्न–हम कब कह सकते है कि यह ब्लू मून है? इसका उत्तर passage की 10, 11, 12वीं पंक्ति में स्पष्ट किया गया है।
अतः विकल्प (a) when there are two full moons in one month सही उत्तर है।

**62. We call it a new moon when**

(a) we can see the entire moon
(b) we cannot see two full moons
(c) we cannot see a moon
(d) the moon is in the shape of a semicircle

**Ans : (c)** Passge की छठीं तथा सातवीं पंक्ति से स्पष्ट है कि We call it a new moon when we cannot see a moon.

**63. Give an example of something that has a crescent shape other than a moon?**

(a) the letter 'S' (b) the letter 'D'
(c) the letter 'C' (d) the letter 'O'

**Ans : (c)** कोई उदाहरण दीजिए जो अर्द्धचन्द्राकार है। इसका शुद्ध विकल्प (c) है। क्योंकि letter C का आकार अर्द्धचन्द्राकार है।

**64. What led the people to use the idiom 'Once in a Blue Moon?**

(a) the fact that seeing a blue moon once a year
(b) the fact that seeing a blue moon is a very rare event
(c) the fact that seeing a blue moon more than once a year.
(d) the given data is not sufficient to predict the reason

**Ans : (b)** 'Once in a blue moon' english language में idioms है, जिसका अर्थ दुर्लभ घटना होती है। जिसकी व्याख्या विकल्प (b) The fact that seeing a blue moon is a very rare event के द्वारा की गई है।

**65. Pick out the wrongly spelt word from the following sentence.**
**"The birds chorping at the dawn wake me up."**

(a) birds (b) chorping
(c) wakes me up (d) morning

**Ans : (b)** वाक्य में प्रयुक्त शब्द Chorping अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी Chirping (चहचहाने की आवाज) है। अतः विकल्प (b) शुद्ध उत्तर है।

**Directions : Punctuate the sentence, picking up the right option for the questions 66 to 69.**

**66. the mount everest is the tallest mountain when measured from mean sea level.**

(a) The Mount Everest
(b) the Mount everest
(c) Sea level?
(d) Sea Level!

**Ans : (a)** Proper noun (व्यक्तिवाचक संज्ञा) को हमेशा Capital letters में लिखा जाता है। वाक्य में प्रयुक्त Proper noun- The Mount Everest है। अतः विकल्प (a) शुद्ध उत्तर है।

**67. I wish I had a job I'm a great worker and I need the money.**

(a) job, (b) job:
(c) job; (d) job.

**Ans : (a)** वाक्य में प्रयुक्त उपवाक्य (clause) को अलग करने के लिये comma का प्रयोग किया जाता है। I wish I had a job और I'm a great worker दोनों ही अलग-अलग clause है। अतः दोनों को अलग करने के लिए Comma का प्रयोग किया जायेगा अतः विकल्प (a) शुद्ध है। शुद्ध वाक्य I wish I had a job, I'm great worker and I need the money.

**68. If I could have repeated the project I would have done things differently.**

(a) Project : (b) project,
(c) project, i (d) project;

**Ans : (b)** Principal clause को Adverb clause से अलग करने के लिए Comma का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान प्रश्न में 'If I could have repeat the project' adverb clause है तथा 'I would have done things differently' principal clause है अतः दोनों को अलग करने के लिए Comma का प्रयोग होगा शुद्ध वाक्य If I could have repeated the project, I would have done things differently.

**69. A baby always likes to snuggle up to his mother to keep it warm**

(a) warm? (b) warm!
(c) warm. (d) warm,

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans : (c)** Full stop का प्रयोग वाक्य के अन्त में होता है। पर याद रहे कि optative, exclamatory और Interrogative sentence के अन्त में full stop का प्रयोग नही होता है। चूंकि दिया गया वाक्य Assertive Sentence है। अतः प्रश्न के अन्त में full stop का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य– A baby always likes to snuggle up to his mother to keep it worm.

**Directions : Complete the below sentences by choosing the correct prepositions/verbs from the options given for the Questions 70 to 73.**

**70. I received this message ______Eight O' Clock ______the morning .**
(a) at, on (b) on, in
(c) at, in (d) at, below

**Ans : (c)** समय को बोध कराने के सन्दर्भ में Preposition 'at' का प्रयोग किया जाता है तथा morning, evening, afternoon के पहले Preposition 'in' का प्रयोग किया जाता है।
अतः शुद्ध वाक्य–
I received this message at Eight O' Clock in the morning.

**71. As soon as he _____a certificate in English, he will apply for a job.**
(a) would got (b) got
(c) gets (d) will get

**Ans : (c)** यदि Principal clause एवं subordinate clause दोनो future tense में हो तो subordinate clause को हम future tense का प्रयोग न करके Present tense का प्रयोग करते है।
अतः शुद्ध वाक्य As soon as he gets a certificate in English, he will apply for a job.
वह ज्यों ही अंग्रेजी में प्रमाण पत्र प्राप्त करेगा त्यों ही वह नौकरी के लिए आवेदन करेगा।
अतः विकल्प (c) शुद्ध है।

**72. Quick!______the bus. It is ready to leave.**
(a) Look for (b) Get on
(c) Pull off (d) Take off

**Ans : (b)** वाक्य में रिक्त स्थान पर phrasal verb get on (प्रवेश करना) का प्रयोग शुद्ध है।
जल्दी करो, बस में प्रवेश करो, यह छूटने को तैयार है। अतः विकल्प (b) शुद्ध है। अन्य phrasal verb का प्रयोग अशुद्ध है।
Look for – तलाश करना
pull off – खींचकर अलग करना
Take off – उड़ना

**73. I shall take rest ______May.**
(a) on (b) from
(c) at (d) up to

**Ans : (b)** From का अर्थ है 'से' होता है 'from' Preposition का प्रयोग Point of Time के सन्दर्भ में किया जाता है।
अतः शुद्ध वाक्य I shall take rest from may. अतः विकल्प (b) शुद्ध है।

**74. The subject and the verb in the sentence 'The children were sad.'are ______**
(a) the, were (b) children, were
(c) were, sad (d) sad, the

**Ans : (b)** The children were sad में the children subject है और were helping verb है अतः विकल्प (b) Children were शुद्ध है।

**75. Put the verbs in the brackets as Present Participle or Past Participle.**
**____(Look) down from the tower we saw many people walking in the streets.**
(a) Looked (b) Looks
(c) Looking (d) Was looking

**Ans : (c)** Verb के First form में ing का प्रयोग करके Present participle को बनाते है तथा यह Adjective का कार्य करता है। अतः विकल्प (c) Looking का प्रयोग शुद्ध है।
अतः शुद्ध वाक्य–
Looking down from the tower we saw many people walking in the streets.

## भाग-4 : हिन्दी

**76. आगरा में देखने योग्य स्थान है। रेखांकित का एक शब्द बताइए।**
(a) दर्शन (b) दर्शनीय
(c) देखना (d) ऐतिहासिक

**Ans : (b)** आगरा में देखने योग्य स्थान हैं।' वाक्य में रेखांकित 'देखने योग्य' के लिए एक शब्द 'दर्शनीय' होगा। 'दर्शन' व 'देखना' परस्पर समान अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। जो इतिहास से सम्बद्ध हो उसे ' ऐतिहासिक' कहते हैं।

**77. 'सौ वर्षों का समय' को क्या कहते हैं?**
(a) शताब्दी (b) वार्षिक
(c) वर्षो (d) सालाना

**Ans : (a)** 'सौ वर्षो का समय' शताब्दी कहलाता है। 'वर्ष में एक बार होने वाला' के लिए 'वार्षिक' शब्द प्रयुक्त होता है।

Adda247

GET IT ON Google Play

78. देश-विदेश से घूमने वाले कश्मीर पहुँचे। रेखांकित का एक शब्द बताइए।
(a) यात्री (b) भीड़
(c) पर्यटक (d) घुमक्कड़

Ans : (c) 'देश–विदेश से घूमने वाले कश्मीर पहुँचे।' वाक्य में रेखांकित 'देश–विदेश में घूमने वाले' के लिए 'यात्री', 'बहुत अधिक घूमने वालों' के लिए 'घुमक्कड़' और 'अव्यवस्थित जनसमूह' के लिए 'भीड़' शब्द प्रयुक्त होता है।

79. निम्न वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द बताइए। बारिश ______ठण्ड बढ़ गई।
(a) से (b) की वजह से
(c) के कारण (d) के लिए

Ans : (c) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'के कारण' उपयुक्त शब्द होगा और पूरा वाक्य होगा–'बारिश के कारण ठण्ड बढ़ गई।' शेष असंगत शब्द हैं।

80. प्रथम आने ______मैंने कठिन परिश्रम किया।
(a) इसलिए (b) और
(c) क्योंकि (d) के लिए

Ans : (d) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'के लिए' उपयुक्त शब्द होगा और पूरा वाक्य होगा– 'प्रथम आने के लिए मैंने कठिन परिश्रम किया।

81. शिक्षिका ने बताया ______कल छुट्टी है।
(a) की (b) कि
(c) क्योंकि (d) तथा

Ans : (b) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'कि' उपयुक्त शब्द है और पूरा वाक्य होगा– शिक्षिका ने बताया कि कल छुट्टी है।'

82. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अर्थ की दृष्टी से सही है।
(a) मैं रात भर जागा (b) हम रात भर जागा
(c) मैंने रात भर जागा (d) हमने रात भर जागा

Ans : (a) 'मै रात भर जागा' वाक्य अर्थ की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि शेष वाक्यों में 'क्रिया' कर्ता के संगत वचन में न होने के कारण त्रुटिपूर्ण है।

83. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया संबंधित शुद्ध वाक्य बताइए।
(a) वह सोते-सोते जाग पड़ा
(b) वे सोता-सोता जाग पड़ा
(c) वह सोते-साते जाग पड़ा
(d) वह सो-सो कर जाग पड़ा

Ans : (a) 'वह सोते–सोते जाग पड़ा' वाक्य क्रिया सम्बन्धित शुद्ध वाक्य है।

निर्देशः निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और फिर प्रश्न सं. 84 से 88 तक के उत्तर उसके आधार पर दीजिए।

अनुच्छेद

क्षेत्रफल की दृष्टि से केवल छः देश भारत से बड़े हैं। चीन की आबादी सबसे अधिक है। इसके बाद सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश भारत है। अधिक जनसंख्या के कारण भारत को आर्थिक परेशनियों का सामना करना पड़ता है। बेरोजगारी यहाँ की मुख्य समस्या है। भारत को गाँवों का देश भी कहते हैं, क्योंकि यहाँ के तीन चौथाई भारतीय गाँवों में रहते हैं और खेती करते हैं। यह सिर्फ किसान ही नहीं हमारे अन्नदाता भी हैं हमें इनका सम्मान करना चाहिए। भारत में सभी धर्मों के लोग भाई-भाई की तरह रहते है। यहाँ दिल्ली, मद्रास, कोलकत्ता, मुम्बई आदि अनेक बड़े नगर हैं। गाँधी जी कहते थे कि भारत गाँवों में निवास करता है।

84. किस दृष्टि से छः देश भारत से बड़े हैं?
(a) जनसंख्या की दृष्टि से
(b) बेरोज़गारी की दृष्टि से
(c) दूरी की दृष्टि से
(d) क्षेत्रफल की दृष्टि से

Ans : (d) गद्यांश के अनुसार क्षेत्रफल की दृष्टि से छः देश भारत से बड़े हैं। भारत सातवें स्थान पर है।

85. संसार का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश कौन सा है?
(a) अमेरिका (b) भारत
(c) चीन (d) जापान

Ans : (c) गद्यांश के अनुसार संसार का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है। भारत दूसरे स्थान पर है।

86. भारत की कितनी जनसंख्या गाँवों में रहती है?
(a) आधी (b) तिहाई
(c) एक चौथाई (d) तीन चौथाई

Ans : (d) भारत की तीन चौथाई जनसंख्या गाँव में रहती है।

87. खेती करने वालों को क्या कहते हैं?
(a) अन्नदाता (b) किसान
(c) माली (d) चौकीदार

Ans : (b) खेती करने वालों को किसान कहते हैं।

88. गाँधीजी के अनुसार भारत कहाँ निवास करता है?
(a) मद्रास में (b) मुंबई में
(c) गाँवों में (d) कोलकत्ता में

Ans : (c) गाँधी जी के अनुसार भारत गाँवो में निवास करता है।

**निर्देश: निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और फिर प्रश्न सं. 89 से 93 तक के उत्तर उसके आधार पर दीजिए।**

गुरु द्रोणाचार्य ने एक दिन अपने शिष्यों की परीक्षा लेने का निश्चय किया। सभी शिष्यों को बुलाकर पेड़ पर बैठी चिड़िया की आँख भेदने के लिए निशाना लगाने को कहा। सभी शिष्य बारी-बारी से आए, परन्तु कोई भी सफल नहीं हो सका। अंत में गुरूजी ने अर्जुन को बुलाया और निशाना साधने के लिए कहा अर्जुन ने बाण उठाया और निशाना साधा द्रोणाचार्य ने पूछा "अर्जुन तुम्हें चिड़िया दिखाई दे रही है?" अर्जुन ने कहा, "नहीं गुरुदेव मुझे केवल चिड़िया की आँख दिख रही है।" तब गुरूजी ने कहा, "तुम्हे सिर्फ अपना लक्ष्य दिखाई दे रहा है इसलिए तुम्हारा निशाना नहीं चूकेगा।" गुरूजी की आज्ञा से अर्जुन ने बाण चलाया।

**89. गुरूजी ने क्या सोचा?**

(a) शिष्यों को खाना खिलाने का
(b) निशाना लगवाने का
(c) चिड़िया दिखाने का
(d) परीक्षा लेने का

**Ans : (d)** गद्यांश के अनुसार गुरू द्रोणाचार्य ने अपने शिष्यों की परीक्षा लेने की सोचा।

**90. गुरूजी ने किस पर निशाना लगाने की आज्ञा दी?**

(a) चिड़िया की आँख पर (b) पेड़ पर
(c) चिड़िया पर (d) फल पर

**Ans : (a)** गद्यांश के अनुसार गुरूजी ने चिड़िया की आँख पर निशाना लगाने की आज्ञा दी।

**91. अन्य शिष्य क्यों सफल नहीं हुए?**

(a) उन्हें बाण चलाना नहीं आता था
(b) निशाना चूक जा रहा था
(c) चिड़िया नहीं दिखाई दे रही थी
(d) लक्ष्य पर ध्यान नहीं था

**Ans : (d)** अन्य शिष्य सफल नहीं हुए क्योंकि उनका लक्ष्य पर ध्यान नहीं था।

**92. द्रोणाचार्य ने अर्जुन से क्या पूछा?**

(a) तुम्हें वृक्ष दिख रहा है
(b) चिड़िया दिख रही है
(c) फल दिख रहा है
(d) पत्ता दिख रहा है

**Ans : (b)** द्रोणाचार्य ने अर्जुन से पूछा, "तुम्हें चिड़िया दिख रही है?

**93. अर्जुन ने क्या उत्तर दिया?**

(a) वृक्ष दिख रहा है
(b) चिड़िया दिख रही है
(c) सिर्फ चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है
(d) फल के ऊपर चिड़िया दिख रही है

**Ans : (c)** अर्जुन ने उत्तर दिया कि सिर्फ चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है।

**94. आशा जीवन में प्रकाश का संचार करती है। रेखांकित शब्द का उचित विलोम शब्द बताइए।**

(a) उदास (b) दुःख
(c) निराशा (d) हताशा

**Ans : (c)** "आशा जीवन में प्रकाश का संचार करती है।" रेखांकित शब्द 'आशा' का विलोम शब्द 'निराशा' होगा।

**95. 'नवीन' शब्द का विलोम शब्द बताइए।**

(a) प्राचीन (b) पुराना
(c) पुरातन (d) पौराणिक

**Ans : (a)** 'नवीन' का विलोम शब्द 'प्राचीन' होगा। जबकि 'नया' का 'पुराना', नूतन' का 'पुरातन' विलोम शब्द होता है।

**96. गुलाब जामुन देख कर रमेश के मुँह में पानी आ गया। रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?**

(a) भूख लगना (b) उल्टी आना
(c) लालच होना (d) लार टपकना

**Ans : (c)** "गुलाब जामुन देखकर रमेश के मुँह में पानी आ गया।" रेखांकित मुहावरे का अर्थ है–लालच होना। जबकि "लार टपकाना" और मुँह में पानी आना समानार्थक मुहावरे है।। शेष असंगत हैं।

**97. 'अंगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?**

(a) सहमत होना (b) धोखा देना
(c) जीत जाना (d) उत्तीर्ण होना

**Ans : (a)** 'अंगूठा दिखाना मुहावरे का अर्थ है- धोखा देना।' न कि 'सहमत होना', 'जीत जाना' या 'उत्तीर्ण होना

**98. जलेबी में मिठास अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए।**

(a) मिठाई (b) मीठापन
(c) मीठा (d) चीनी

**Ans : (c)** 'जलेबी में मिठास अधिक है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है इसका विशेषण 'मीठा' होगा।

**99. बारिश के कारण नदी का बहाव तेज़ हो गया था। रेखांकित शब्द का बहुवचन बताइए।**

(a) नदियाँ (b) नदियों
(c) नदीओ (d) नदिया

**Ans : (b)** 'बारिश के कारण नदी का बहाव तेज हो गया था। वाक्य में रेखांकित शब्द 'नदी' का अभीष्ट बहुवचन 'नदियों' होगा

**100. माँ सोने के गहने बनाने वाले के पास गयी है। रेखांकित अंश के लिए एक शब्द बताइए।**

(a) लुहार (b) बढ़ई
(c) सुनार (d) दरजी

**Ans : (c)** "माँ सोने के गहने बनाने वाले के पास गयी है।" वाक्य में रेखांकित वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सुनार' होगा।